


# दो दिवसीय कौशल उन्नयन एवं नेतृत्व विकास प्रशिक्षण का शुभारंभ

**उज्जैन।** मध्य प्रदेश राज्य सहकारी संघ मर्यादित, भोपाल व जिला सहकारी संघ मर्यादित, उज्जैन के संयुक्त तत्वावधान में उज्जैन जिले की जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, उज्जैन के तराना तहसील के शाखाओं एवं सेवा (बी पेक्स) सहकारी संस्थाओं के प्रशासक, शाखा प्रबंधक, समिति प्रबंधक, कम्प्यूटर आपरेटरों का दो दिवसीय कौशल उन्नयन एवं नेतृत्व विकास प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।




प्रभारी प्रबंधक सुमेरसिंह सोलंकी ने स्वागत भाषण में शिक्षण प्रशिक्षणों का महत्व बताते हुए लाईट का उदाहरण देते हुए कहा कि जिस प्रकार एक अंधेरे कमरे में एक दीप प्रज्वलित होने से हमें अंधकार से मुक्ति मिलती है उसी प्रकार से हमे शिक्षण प्रशिक्षणों से ज्ञान रूपी ज्योत जाग्रत होकर संस्थाओं से संबंधित नित्य कार्यों से हमें सहयोग व सहायता मिलती है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एके सिंह ने कहा कि जिस प्रकार चलायमान पानी चलता रहता है व साफ होता रहता है, उसी प्रकार शिक्षण प्रशिक्षणों से व संस्थागत गत कार्यों में कम्प्यूटरिकरण से पारदर्शिता व कार्यों में तेजी आवेगी। सहायक आयुक्त, संजय कौशल ने कहा कि वर्तमान प्रतिस्पर्धा के दौर में सहकारिता अधिकारियों, कर्मचारियों को सदस्य के प्रति जबावदेही के साथ कार्य करें, जिससे सहकारी संस्थाएं उन्नती और विकास की ओर अग्रसर हो सके। मप्र राज्य सहकारी संघ मर्यादित, इन्दौर के सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र के प्राचार्य दिलीप मरमट ने कहा कि शिक्षण प्रशिक्षणों से नवाचार के अंतर्गत कार्य करने में अनुभव व ज्ञान प्राप्त होता है। आडिट ऑफिसर संजीव शर्मा ने सहकारिता क्या, क्यों और कैसे व सहकारिता से सहकार व संस्थाओं में सहकारिता के माध्यम से समृद्धि कैसे हो के संबंध में एवं साथ ही नवीन बी.पैक्स संस्थाओं को किस प्रकार से सहकारिता के क्षेत्र में कार्य करना चाहिये के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर प्रशिक्षक मदन साखला ने कहा कि संस्थाओं के कर्मचारी अपने कार्यों में दक्ष तो होते ही है, लेकिन इस प्रकार के शिक्षण प्रशिक्षणों से प्रेक्टिकल कार्यों में और अधिक निपुण होकर सहकारिता से समृद्धि की नीति को साकार कर सकेंगे। आपने जिला संघ द्वारा प्रचार-प्रसार के क्षेत्र में सतत् प्रशिक्षण आयोजन करने पर प्रशंसा व्यक्त की। शाखा प्रबंधक दिनेश जादौन ने शाखाओं में प्रबंधन, ऋण वितरण एवं वसूली के संबंध विस्तृत प्रशिक्षण दिया।




## 4 जनवरी को होगा हिंदू सम्मेलन, समिति कार्यालय का उद्घाटन आज

**उज्जैन।** विक्रमादित्य बस्ती माधव नगर (फ्रीगंज एवं दशहरा मैदान) द्वारा 4 जनवरी को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें बस्ती के समस्त हिंदू समाज एक स्थल पर एकत्र होकर सांस्कृतिक, बौद्धिक एवं सहभोज कार्यक्रम मे सम्मिलित होगा।

सम्मेलन के संबंध में बस्ती द्वारा संत श्री विद्यासागर भवन, फ्रीगंज समिति बैठक में मुकेश दिसावल, गोपाल गुप्ता एवं राकेश जाट की उपस्थिति में कार्यकारिणी का गठन किया गया। समिति में लक्ष्मीनारायण अग्रवाल संयोजक, साशा जैन और कपिल राठौर को सह-संयोजक तथा अभिषेक गोयल को कोष प्रमुख बनाया गया। समिति कार्यालय का उद्घाटन संत एवं समाजजन के सानिध्य में आज 20 दिसंबर को रात्रि 8 बजे गोयल चैंबर्स, घंटाघर फ्रीगंज पर होगा। उक्त जानकारी समिति संयोजक लक्ष्मीनारायण अग्रवाल ने दी।

## एक नजर में

### शर्मा बने शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष



**माकड़ोन।** कांग्रेस पार्टी ने एक बार फिर संगठनात्मक मजबूती की दिशा में अहम कदम उठाते हुए युवा, कर्मठ एवं जमीनी नेता मनीष शर्मा को शहर कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष मनोनीत किया है। नवनियुक्त अध्यक्ष मनीष शर्मा ने अपनी नियुक्ति पर प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिलाध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक महेश परमार के कुशल मार्गदर्शन में वे कांग्रेस संगठन को और अधिक मजबूत बनाएंगे।

### भागवत कथा कल से

**घट्टिया।** समीपस्थ ग्राम जैथल में रविवार से सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद भागवत कथा का आयोजन होगा। बाल कृष्ण लाल मंदिर के सामने प्रांगण में आयोजित होने वाली कथा में राष्ट्रीय संत पंडित राजेश्वर महाराज विट्ठल आश्रम बड़नगर वाले भक्तों को कथा का रसपान कराएंगे।

### माकड़ोन रूपाखेड़ी में खुला गड्ढा बना जानलेवा




**माकड़ोन।** रूपाखेड़ी स्थित बीएसएनएल मुख्य चौराहे पर पिछले करीब 10 दिनों से खुला पड़ा गड्ढा अब गंभीर हादसे को न्योता दे रहा है। व्यस्ततम चौराहा होने के बावजूद न तो गड्ढे के आसपास बेरीकेडिंग की गई है और न ही कोई चेतावनी संकेत लगाए गए हैं। ऐसे में प्रतिदिन यहां से गुजरने वाले स्कूल के बच्चे, राहगीर, दोपहिया वाहन चालक एवं मवेशी लगातार खतरे में हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि संबंधित मंगल कंपनी द्वारा खुदाई के बाद गड्ढे को यूं ही खुला छोड़ दिया गया। जो स्पष्ट रूप से घोर लापरवाही का उदाहरण है। रात के समय अंधेरे में यह गड्ढा दिखाई नहीं देता, जिससे कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

### ब्लॉक कांग्रेस के नवनियुक्त अध्यक्षों का विधायक ने स्वागत किया



**महिदपुर।** विधानसभा क्षेत्र महिदपुर ब्लॉक कांग्रेस के नवनियुक्त पदाधिकारियों का स्थानीय आम्बेडकर चौक पर आयोजित कार्यक्रम में स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने विधायक दिनेश जैन बोस, शहर कांग्रेस अध्यक्ष सगीर बेग, महिदपुर ब्लॉक अध्यक्ष कैलाश बगाना, झारड़ा ब्लॉक अध्यक्ष कमलसिंह चौहान, महिदपुर रोड़ ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष भारत शर्मा का स्वागत किया। कार्यक्रम में विधायक दिनेश जैन बोस ने कहा संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत जिला अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद अब ब्लॉक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्षों का दायित्व है कि संगठन को मजबूती प्रदान करते हुए सभी वर्गों को साथ लेकर चले तथा वार्ड, पंचायत एवं पोलिंग बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की एक सशक्त टीम का गठन करें। नवनियुक्त अध्यक्षों ने पार्टी नेतृत्व द्वारा जताए गए विश्वास के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम का संचालन पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अरुण बुरड़ ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस के जिला पंचायत सदस्य जितेन्द्र मंडोरा, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष हीरालाल आंजना, अनिल आंचलिया, मुजाहिद नागोरी, पार्षदगण इकबाल नागोरी, जाकिर मंसूरी, रईस कुरैशी, बाबा नागौरी, महेन्द्रसिंह चौहान, शैलेन्द्रसिंह डोडिया, राहुल सोलंकी, ईश्वर सिंह चौहान, दिनेश बारोट, आत्माराम परमार, हिम्मत पारेगी, बलवंत राठौर, हारुन छीपा, श्यामलाल चंद्रवंशी, साबिर भाई फ्रूट वाले, अकरम अहिंगर, लेखराज मल्होत्रा, राधेश्याम गोलवी, अफसार खां, शैलेन्द्र जोशी, आत्माराम बालेचा, दिनेश गरासिया, शकील पाकीजा, कमल परमार, कमल बगाना, सिद्धूलाल बामनिया, अख़म मालवीय, बलराज परिहार, मोहित खान, मोइद्दीन पटेल, जाकिर मुल्तानी, मोहनसिंह गुर्जर, शंकर गुर्जर, अय्यूब भाई नागोरी, मुददसर नागोरी, इकबाल भाई दादू सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे। अंत में सभी का आभार अरुण बुरड़ ने माना।

### मधुसूदन भारद्वाज बने ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष

**बड़नगर।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी तथा विधायक एवं जिला अध्यक्ष महेश परमार के नेतृत्व में, पूर्व विधायक वीरेंद्र सिंह सिसोदिया की अनुशंसा और वरिष्ठ नेता राजेंद्र व्यास, सोनू शर्मा, वीनू कुशवाह तथा प्रभारी धीरज यादव की सहमति से मधुसूदन भारद्वाज को बड़नगर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इस अवसर पर पार्टी शीर्ष नेतृत्व एवं सभी वरिष्ठजनो के प्रति आभार व्यक्त किया गया। नव नियुक्त अध्यक्ष का आत्मीय स्वागत सुरेंद्र भवन में पूर्व अध्यक्ष बड़नगर शहर कांग्रेस मंडलम पंकज जोशी, धनंजय सिंह सिसोदिया एवं साथियों द्वारा किया गया। इस अवसर पर सत्यनारायण शर्मा, शैलेन्द्र सिंह सिसौदिया, जगदीश धाकड़, जगदीश नारायण सिंह, मोहम्मद शोएब, देवेंद्र सिंह सिसोदिया, कमलेश ठाकुर, रईस निजामी, भावेश जैन, तरुण आचार्य, गुलरेज मंसूरी, नरेंद्र सिंह राजावत, मोहन सिंह राठौर, गुलजार भाई, कुशल गहलोत, कुलदीप सिंह राणावत, राजेंद्र सिंह राठौर, कमल सिंह चौहान, अकरम खान, आकाश जैन, लाला राठौड़, तरुण परमार, अमजद खान, मोनू भाई, भंवर सिंह भाटी, विजय सेन, राहुल सिंह हाड़ा, सईद भाई छिपा, सुनील सतपाड़िया सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मालवा दर्पण खेल एवं शिक्षा विकास संस्था देश के 100 उत्कृष्ट एनजीओ में शामिल

▶ रचा इतिहास, इंपैक्ट इंडिया समिट 2025 में हुआ सम्मान




**उज्जैन।** इंदौर में हुई इंपैक्ट इंडिया समिट 2025 में मालवा दर्पण खेल एवं शिक्षा विकास संस्था हरसोदन उज्जैन ने अपना स्थान भारत के 100 उत्कृष्ट एनजीओ में सुनिश्चित किया। इस अवसर पर संस्था के प्रतिनिधि सतीश गोठी मौजूद रहे, जिन्हें आयोजन समिति द्वारा मेडल, शील्ड व प्रशस्ति पत्र द्वारा सम्मानित किया गया।

यह पुरस्कार पद्मश्री अवार्ड दीदी जनक पालता एमसीजीलियन के हाथों से दिया गया। इस उपलब्धि पर संस्था प्रमुख धर्मेंद्र सोलंकी एवं सभी सदस्यों द्वारा हर्ष व्यक्त किया गया। संस्था सचिव रवि पाटीदार ने बताया कि मालवा दर्पण खेल एवं शिक्षा विकास संस्था ग्रामीण क्षेत्रों में खेल एवं शिक्षा का विकास का कार्य करती है। दर्पण फाउंडेशन द्वारा पिछले दो वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रो में विभिन्न समस्त प्रकार के खेलों के आयोजन कर प्रतिभा की खोज की जा रही है।

परिणाम स्वरुप अब तक दर्पण फाउंडेशन द्वारा 5 राष्ट्रीय खिलाड़ी एवं लगभग 8 से 9 राज्य स्तर के खिलाड़ी तैयार किया जा चुके हैं। शिक्षा के विकास हेतु नि:शुल्क कंप्यूटर शिक्षा दी जा रही है एवं साथ ही समय-समय पर ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी स्कूल एवं पंचायत के माध्यम से प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन किया जाता है और बच्चों को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मार्गदर्शन दिया जाता है ताकि बच्चे लक्ष्य से भटके नहीं और सही समय पर अपना लक्ष्य बनाकर सफलता हासिल कर सके। संस्था इन कार्यों के लिए विशेष प्रयास कर रही है। संस्था में लगभग 100 से अधिक सदस्य काम कर रहे हैं तथा 12 मुख्य सदस्य की टीम है संस्था में अधिकतर लोग खेल एवं शिक्षा से संबंधित हैं।

## कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत शासकीय महाविद्यालय टीम कर रही हैं आसपास के विद्यालयों का भ्रमण

**घट्टिया। उच्च शिक्षा देने के उद्देश्य से मध्य प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे कॉलेज चलो अभियान अंतर्गत स्व. नागूलाल मालवीय शासकीय महाविद्यालय की टीम आसपास के विद्यालयों का भ्रमण कर रही है।**



प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे अभियान जिसका उद्देश्य 12वीं कक्षा के छात्रों को उच्च शिक्षा के बारे में जागरूक करना और उन्हें कॉलेज में प्रवेश के लिए प्रेरित करना है। यह अभियान 5 दिसंबर 2025 से 5 जनवरी 2026 तक चलेगा। अभियान के तहत, कॉलेज की टीमें विभिन्न स्कूलों में जाकर छात्रों को उच्च शिक्षा के अवसरों, पाठ्यक्रमों, और प्रवेश प्रक्रिया के बारे में जानकारी दे रही हैं। कॉलेज चलो अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को शासकीय महाविद्यालय घट्टिया की टीम ने शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घट्टिया एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जगोटी का भ्रमण किया एवं छात्रों और अभिभावकों को महाविद्यालयों की शैक्षणिक सुविधाओं, प्रयोगशालाओं, खेल सुविधाओं और अन्य आधारभूत संरचनाओं से अवगत कराया। कॉलेज चलो अभियान का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश में उच्च शिक्षा को बढ़ावा देना और छात्रों को बेहतर भविष्य की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करना है। कॉलेज चलो अभियान टीम में महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. पुलकिता आनंद, डॉ. सुनील गुजराती, प्रशासनिक एवं राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी श्यामलाल चौधरी, क्रीड़ा अधिकारी डॉ. श्वेता भल्ला, डॉ. दयाराम मुझाल्दा, डॉ. प्रियंका चोपड़ा, डॉ. रेखा सोलंकी, ओमप्रकाश कटारा, श्याम रावत, मनीष बैरागी सरवन मालवीय शामिल है।

## जैन सोशल ग्रुप समन्वय द्वारा ग्राम चंदेसरी में बच्चों को स्वेटर वितरण

▶ 75 बालक-बालिकाओं को ऊनी स्वेटर, मोजे एवं बिस्किट वितरित किए




**उज्जैन। शिक्षा और स्वास्थ्य हर बच्चे का मौलिक अधिकार है। इसी भावना को आत्मसात करते हुए भीषण शीत ऋतु में जरूरतमंद बच्चों की सहायता हेतु जैन सोशल ग्रुप उज्जैन समन्वय के तत्वावधान में एक सराहनीय सेवा प्रकल्प का आयोजन किया गया।**

इस सेवा प्रकल्प के अंतर्गत ग्राम चन्देसरी, तहसील उज्जैन स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में अध्ययनरत 75 बालक-बालिकाओं को ऊनी स्वेटर, मोजे एवं बिस्किट वितरित किए गए, ताकि कड़ाके की ठंड के कारण बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो और वे नियमित रूप से विद्यालय आ सकें।

कार्यक्रम के दौरान ग्रुप अध्यक्ष नगीन नलवाया ने अपने प्रेरणादायी संबोधन में बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि यह स्वेटर केवल ऊनी धागों से बने वस्त्र नहीं हैं, बल्कि इनमें हम सभी का स्नेह, आशीर्वाद और आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना समाहित है। आप मन लगाकर पढ़ाई करें और आगे बढ़कर अपने परिवार, समाज एवं देश का नाम रोशन करें। उनके शब्दों से बच्चों के चेहरे पर आत्मविश्वास और प्रसन्नता की झलक साफ दिखाई दी।

सेवा प्रकल्प प्रमुख शैलेन्द्र बाफना ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं समस्त शाला शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग एवं मार्गदर्शन से ही यह सेवा कार्य सफलतापूर्वक संपन्न हो सका। उन्होंने विद्यालय परिवार को बच्चों के सर्वांगीण विकास हेतु निरंतर प्रयासरत रहने के लिए साधुवाद दिया।

इस अवसर पर कार्यक्रम में जैन सोशल ग्रुप समन्वय के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें अंतर्राष्ट्रीय डायरेक्टर जयंतीलाल फाफरिया, उपाध्यक्ष नरेंद्र संचेती, कोषाध्यक्ष पारस जैन, सुगनचन्द जैन, महेन्द्र मारू, विजय जैन (बंबोरी), विमल श्रीमाल एवं मुकेश चावद की सक्रिय सहभागिता उल्लेखनीय रही। सभी सदस्यों ने बच्चों को स्नेहपूर्वक सामग्री वितरित कर उनका उत्साह बढ़ाया।

कार्यक्रम का संचालन सचिव आशीष नांदेचा ने किया, जबकि संजय जैन चहेती ने अंत में आभार प्रदर्शन करते हुए सभी आगंतुकों, विद्यालय प्रशासन एवं सेवा कार्य में सहयोग करने वाले सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया। यह सेवा प्रकल्प न केवल जरूरतमंद बच्चों के लिए राहत का माध्यम बना, बल्कि समाज में संवेदनशीलता, सहयोग और मानवता के मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक प्रेरणादायी पहल सिद्ध हुआ।




## आत्मनिर्भर भारत सह जीएसटी बचत उत्सव सम्मेलन आयोजित

**घट्टिया।** मध्यप्रदेश शासन सामान्य प्रशासन विभाग मंत्रलय, के निर्देशानुसार आत्म निर्भर भारत अभियान सह जी.एस.टी. बचत उत्सव सम्मेलन का आयोजन शुक्रवार को जनपद पचायत प्रांगण में हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा मंडल अध्यक्ष लोकेन्द्रसिंह सौलंकी थे व अध्यक्षता जनपद उपाध्यक्ष डॉ.भगवानसिंह पंवार ने की। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष शिवानी कुंवर सोलंकी व विशेष अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के अब्दुल वहाब खान, भाजपा महिला मोर्चा यशोदा बैरागी, जनपद सदस्य भंवरसिंह सौलंकी, मंगलसिंह, मेहरबानसिंह थे। अतिथियों का स्वागत जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी जीएस मुझाल्दा ने किया। संचालन अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी रितेश सोनी ने किया। अतिथियों ने संबोधित करते हुए उपस्थित व्यापरियों व ग्रामीणजनों को संबोधित करते हुए नेक्स्ट जनरेशन जी.एस.टी के लाभ व बचत पर प्रकाश डाला गया। आत्मनिर्भर भारत सह जी.एस.टी.उत्सव सम्मेलन में उद्योग विभाग की ओर से दो उद्यमियों को सम्मानित किया गया व आजीविका मिशन की ओर से समूह की दीदीयों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। सम्मेलन में स्वदेशी वस्तुओ के उपयोग पर जोर जीएसटी बचत अंतर्गत विभिन्न विभागो द्वारा हेतु प्रदर्शनी लगाई गई जिसमें महिला स्वरोजगार प्रदर्शनी, खादी ग्रामोद्योग प्रदर्शनी, बैंक बीमा प्रदर्शनी, रोजगार सहायता, स्वास्थ्य सेवा, महिला बाल विकास विभाग आदि प्रदर्शनी लगाकर उनके बारे में उपस्थित जनों को जानकारी प्रदान की गई।



## मध्यप्रदेश नागर ब्राह्मण महिला परिषद का प्रांतीय अधिवेशन 21 को

**उज्जैन। मध्यप्रदेश नागर ब्राह्मण महिला परिषद का प्रांतीय अधिवेशन 21दिसंबर को उज्जैन में आयोजित किया जा रहा है।**

विस्तृत जानकारी देते हुए नागर ब्राह्मण परिषद शाखा उज्जैन के अध्यक्ष श्री विजय शर्मा, महिला मंडल अध्यक्ष नेहा प्रतिमा मेहता एवं महासचिव सीमा नागर ने बताया कि उक्त प्रांतीय अधिवेशन महिला मंडल की प्रदेशाध्यक्ष सोनिया मंडलोई इंदोर एवं संयोजक आभा पं.विजयशंकर जी मेहता के नेतृत्व में संपन्न होगा। अधिवेशन में मुख्य अतिथि के रूप में निगम सभापति कलावती यादव एवं अध्यक्षता डॉ.विकास दवे एवं केदार रावल, केके व्यास सहित मध्यप्रदेश की लगभग 32 शाखाओं के प्रतिनिधियों एवं महिला सदस्यों की सहभागिता रहेगी। कार्यक्रम प्रात: 9 बजे समाजकी मारूतीगंज ऊर्दुपुरा धर्मशाला में प्रारंभ होकर अपराह्न 3 बजे समाप्त होगा। जिसमें विभिन्न सामाजिक गतिविधियों एवं रचनात्मक विषयों पर विचार किया जाकर महिलाओं के आत्मनिर्भर एवं स्वालंबन शेक्षणिक आदि पर विस्तार से चर्चा होगी।

इस संबंध में एक आवश्यक बैठक उज्जैन महिला मंडल अध्यक्ष नेहा प्रतिमा मेहता के निवास पर आयोजित की जाकर अधिवेशन की तेयारीयों को मूर्तरूप दिया गया। साथ ही विभिन्न व्यवसायों में संलग्न महिलाओं के स्टाल भी लगाये जाएंगे।

**एक नजर** ▶ 1 लाख 51 हजार श्रीराम भक्त आज करेंगे सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

## मातृशक्तियों के जय श्रीराम उद्घोष से गूंजी महाकाल नगरी

**उज्जैन।** संत शिरोमणि श्री बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर श्री धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री जी के सानिध्य में उज्जैन में आज 20 दिसम्बर को सुबह 9 बजे से श्री राम धुन के साथ सामूहिक हनुमान चालीसा के 1.5 लाख पाठ होंगे। इससे पूर्व 19 दिसंबर की शाम कार्यक्रम स्थल पर मातृशक्तियों द्वारा जय श्री राम के उद्घोष के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने का आवाहन किया गया।



श्री राम बालकृष्णा, सोशल वेलफेयर सोसाइटी ट्रस्ट कोषाध्यक्ष दुर्गेश नंदिनी शर्मा एवं आयोजन समिति अध्यक्ष देवंद्र सिंह चावड़ा ने बताया कि 1 लाख 51 हजार श्रीराम भक्तों द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ ही 1008 हनुमान मंदिर के ध्वज की महाआरती बाबा महाँकाल की नगरी उज्जैन में होगी। भाव मंत्र संस्था की प्रमुख डॉ. भावना जोशी द्वारा राम नाम धुन की प्रस्तुति होगी। समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, हेमंत खंडेलवाल प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, कैलाश विजयवर्गीय नगरीय प्रशासन मंत्री, विशेष अतिथि अनिल फिरोजिया सासंद, हेमा मालिनी अभिनेत्री एवं सांसद सहित संत, महंत, महामंडलेश्वर और शहर के विद्वतजन शिक्षाविद, चिकित्सक एवम सभी समाजों के पदाधिकारी और समाजजन मौजूद रहेंगे। प्रमुख मार्गदर्शन राजेश अग्रवाल, पूर्व राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग प्रदेश सचिव का रहेगा। 20 दिसम्बर शनिवार प्रात: 9 बजे इंजीनियरिंग कॉलेज मैदान, इंदौर रोड पर होने वाले इस आयोजन में सपरिवार पधारकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने और हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त करने का अनुरोध पूजा चौहान, रेणुका शर्मा, विद्या शर्मा, मंजू मालवीय, सोनू राठौर, भारती बघेल, डॉ. योगिता मेनन, ममता सोलंकी, वंदना डाबी, पूजा चौहान, सोनू राठौर, उषा वर्मा, रोहित सिंह बजेपुर, दिलराज सिंह चावड़ा, जीवन सिंह चावड़ा, जितेन्द्र सिंह, रविन्द्र सिंह, जीत सिंह राजपूत, रोहित सिंह, प्रदीप सिंह, रमेशचंद्र वर्मा, महेंद्रसिंह बना सहित संस्था श्री राम बालकृष्णा, सोशल वेलफेयर सोसाइटी ट्रस्ट ने किया है।